भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या 516

सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 (21 अग्रहायण,1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>जमशेदपुर, झारखण्ड राज्य में हवाई अड्डे का निर्माण</u>

516. श्री खीरू महतो:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार झारखण्ड राज्य स्थित जमशेदपुर में हवाई अड्डे के निर्माण की कोई योजना बना रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस बाबत कोई समय सीमा तय की है; और
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))</u>

(क) से (घ): जमशेदपुर में एक हवाईअड्डा मौजूद है जिसका स्वामित्व टाटा स्टील लिमिटेड के पास है तथा इसे उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत उड़ानों के प्रचालन हेतु चिन्हित किया गया है। इस हवाईअड्डे को एयरोड्रोम रेफरेंस कोड 2बी के तहत सार्वजनिक उपयोग के लिए लाइसेंस प्राप्त है।

****